तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार, 14 अगस्त 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

15 इतवारी बाजार परिसर बना गौठान



16 शिव की पालकी यात्रा में जमकर झूमे श्रद्धालु



# टैक्स जमा नहीं करने पर ग्राम पंचायत ने रोका ग्रामीणों का राशन

**मामला ग्राम पंचायत भटगांव का, जनप्रतिनिधियों की दखलअंदाजी के बाद जारी किया राशनकार्ड**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम भटगांव में पंचायत का टैक्स जमा नहीं करने वालों का राशन रोक दिया गया था। शिकायत पर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने गांव पहुंचकर लोगों को राशन दिलवाया । उन्होंने अधिकारियों से मुलाकात कर समस्या का समाधान करने की कोशिश की लेकिन वे नहीं मिले।

ग्राम पंचायत भटगांव में कई परिवारों का जलकर, सफाईकर, प्रकाशकर सहित अन्य टैक्स बकाया है। इस टैक्स को वसूलने के लिए पंचायत ने इन परिवारों का राशन बंद कर दिया था। इन परिवारों को नया राशनकार्ड नहीं दिया गया था। राशन नहीं मिलने से गरीब परिवार परेशान हो गए थे। राशन नहीं मिलने की शिकायत लेकर वे जनपद पंचायत पहुंचे थे। यहां पर उनकी मुलाकात जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के पदाधिकारियों से हुई।

पार्टी के जिलाध्यक्ष निखिलेश देवान सहित अन्य लोगों ने अधिकारियों से मुलाकात करने की कोशिश की। अधिकारियों के अन्यत्र व्यस्त होने के कारण मुलाकात नहीं हो पाई। इसके बाद सभी सीधे भटगांव पहुंचे। वहां पर पंचायत सचिव सहित अन्य लोगों से चर्चा कर परिवारों का राशन दिलाया। सचिव ने सभी का राशन कार्ड देने का आश्वासन भी दिया है।

### एक साथ टैक्स पटाना मुश्किल

ग्रामीणों ने बताया कि टैक्स को ग्राम पंचायत द्वारा हर माह वसूला जाना चाहिए, लेकिन साल में एक बार वसूली की जाती है। टैक्स ज्यादा होने पर ग्रामीणों को जमा करने में दिक्कत आती है। महिला बिलासा बाई ने बताया कि वह गंभीर रूप स बीमार है। राशन नहीं मिलने से वह परेशान थी। ग्राम पंचायत ने 1100 रुपए का टैक्स जमा करने के लिए कहा है। एकमुश्त इतनी राशि जमा करना फिलहाल उसके लिए संभव नहीं है।



### नहीं रोक सकते राशन

राशन आवश्यक वस्तु अधिनियम में आता है। टैक्स या अन्य किसी भी कारणों से राशन कार्ड और राशन का वितरण नहीं रोका जा सकता है। इसके बाद भी भटगांव में गरीबों का राशन रोक दिया गया था। राशन दिलाने में निखिलेश देवान के साथ डॉ रोशन साहू, कुंजबिहारी सिन्हा, योगेश साहू, कल्याण निर्मलकर सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

## आरटीई के तहत एडमिशन आज होगा कम्पलीट, तीसरे चरण की उम्मीद नहीं

# दो बार दिया अवसर, फिर भी मुफ्त की कई सीटें रह गईं रिक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दूसरी बार की लॉटरी में भी आरटीई की कई सीटें रिक्त रह गई हैं। अभी एडमिशन का दौर चल रहा है। आज एडमिशन की अंतिम तिथि है, जिसके बाद स्थिति और स्पष्ट हो जाएगी।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत रिक्त सीटों की तुलना में चार गुना ज्यादा आवेदन मिले हैं । इसके बाद भी आरटीई की कई सीटें रिक्त रह गई हैं। पहले चरण के एडमिशन में काफी सीटें रिक्त बची हुई थीं। इन रिक्त सीटों को भरने के लिए पालकों को दूसरा चांस दिया गया। नया फार्म भी लिया गया। इसका फायदा हुआ। बची हुई सीटों में से 92 सीटों पर एडमिशन हो चुका है। 3 छात्र और बचे हैं, जिनका एडमिशन होना बाकी है। दूसरे चरण में इन छात्रों के एडमिशन के बाद भी 63 सीटें रिक्त रह जाएंगी। इनमें ज्यादातर स्कूल तो ऐसे हैं, जहां पर अपने बच्चों के एडिमशन दिलाने में पालक रुचि नहीं ले रहे हैं, जिसके चलते उन स्कूलों में एडमिशन के लिए आवेदन ही नहीं मिले हैं। वहां पर लॉटरी भी नहीं निकाली गई।




### मिले थे कुल 4 हजार आवेदन

आरटीई की स्थिति पर गौर करें तो कुल 191 स्कूल में 1057 सीटें रिक्त थीं। दोनों चरण को मिलाकर 4 हजार 150 आवेदन मिले थे। इसमें से 22 आवेदन डुप्लीकेट थे। यानी एक छात्र के लिए दो या तीन आवेदन आए थे। कई आवेदन अपात्र थे। ऐसे ही विभिन्न कारणों से कुल 1 हजार 717 आवेदन निरस्त कर दिए गए। अब तक कुल 991 छात्रों का दाखिला आरटीई के तहत हो चुका है। 3 छात्रों का एडमिशन बाकी है।

### प्रथम चरण में 899 छात्रों का दाखिला

एडमिशन के प्रथम चरण में 899 छात्रों का दाखिला हुआ था। कई छात्र ऐसे थे जिनका लॉटरी में नाम आया था, इसके बाद भी उन्होंने एडमिशन नहीं लिया। पहले चरण के बाद 158 रिक्त सीटें बची थीं। इन सीटों पर एडमिशन के लिए एक बार फिर प्रक्रिया शुरू की गई। पालकों से आवेदन मंगाए गए। रिक्त सीटों पर लॉटरी निकाली गई। इससे 92 सीटें और भर गईं। दूसरे चरण के बाद भी 63 सीटें रिक्त रह गई हैं। अब संभवतः आरटीई के तहत एडमिशन क्लोज कर दिया जाएगा।

# भारतमाला सड़क परियोजना के सामान की लगातार हो रही चोरी

- स्टील बैरियर, नट-बोल्ट व क्रेन के टायर हुए पार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विशाखापटनम सड़क निर्माण के लिये बनाये गये गोदामों से लोहे के सामान सहित अन्य सामान की लगातार चोरी हो रही है। अज्ञात चोर ने दो गोदाम से नट-बोल्ट व ट्रेलर के टायर की चोरी कर ली है।

भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर से विशाखापटनम के लिये सिक्सलेन रोड का निर्माण किया जा रहा है। यह सड़क धमतरी के दुगली क्षेत्र से होते हुए निकल रही है। सड़क निर्माण में लगने वाले मटेरियल व सामान को स्टोरेज करने के लिये जगह-जगह चैनेज (गोदाम) बनाया गया है जहां रखे सामान पर चोर हाथ साफ कर देते हैं। इससे पहले भी चोरों ने लोहे के सामान की चोरी की थी, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई भी कर चुकी है। इसी तरह की चोरी की दो घटनाएं दोबारा हुई हैं। बीते रविवार की रात्रि ग्राम बेधवापथरा भारतमाला निर्माण चैनेज के पास एमबीसीवी स्पेयर लगभग 23 नग एवं नट-बोल्ट वजन 3 किलो कुल 80 हजार की किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। भारतमाला परियोजना का कार्य कर रही संस्था में वरिष्ठ प्रबंधक के पद पर कार्यरत संजीव कुमार सिंह यूपी निवासी ने दुगली थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि रविवार की रात्रि 10.30 बजे केरेगांव-सिहावा रोड पर कंपनी का सुरक्षा प्रहरी ड्यूटी पर था। तभी उसने छोटा हाथी पिकअप क्रमांक सीजी 19 बीजे 5774 को चैनेज की तरफ जाते देखा। सुरक्षा गार्ड ने उसे रोकने की कोशिश की लेकिन चालक वाहन को तेजी से चलाते हुये निर्माण स्थल के अंदर घुस गया। बाद में केरेगांव-सिहावा रोड से 1 किमी भीतर सड़क किनारे लगाये जाने वाला स्टील का बैरियर (एमबीसीवी) 23 नग व 3 किग्रा नट-बोल्ट को खोलकर कर ले गया। उक्त वाहन का उपयोग पूर्व में हुई चोरी में किया जा चुका है। इसी तरह भारतमाला निर्माण चैनेज सारंगपुरी थाना दुगली के पास खड़ी बड़ी क्रेन व पुलर ट्रक एवं हाइड्रोलिक ट्रक के दो टायर कीमत 25 हजार, दो नग बैटरी 6500 को 4 अगस्त की रात्रि अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। शिकायत पर दुगली थाना में दोनों मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 302-2 व 303-3 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।



# महादेव मंदिर ट्रस्ट के नाम पर फर्जी समिति बनाने का आरोप



- कलेक्टर और ग्रामीणों की मध्यस्थता में नई समिति गठन करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मगरलोड विकासखंड के ग्राम लुगे की विकास एवं सुरक्षा समिति ने सार्वजनिक महादेव मंदिर ट्रस्ट में फर्जी समिति का गठन और मनमानी करने का आरोप लगाया है। समिति ने कलेक्टर को आवेदन कर नई समिति बनाने की मांग की है।

ग्राम विकास एवं सुरक्षा समिति के अध्यक्ष तारेन्द्र निर्मलकर ,सचिव संतोष साहू, कोषाध्यक्ष थानूराम साहू सहित सदस्यों ने कलेक्टर के नाम आवेदन कर कहा है कि सन 1996 में कलेक्टर द्वारा महादेव मंदिर ट्रस्ट का गठन किया गया जिसके आय- व्यय की जानकारी 1996 से 2001 तक ग्रामीणों को दी जाती रही। तत्कालीन अध्यक्ष के त्याग पत्र के बाद कुछ लोग फर्जी समिति बनाकर मंदिर की संपत्ति 8.25 एकड़ की राशि का मनमाने तरीके से उपयोग कर रहे हैं। 2002 से अब तक संपत्ति के आय-व्यय की जानकारी नहीं दी जा रही है। वर्तमान समिति से ग्रामीणों का विश्वास उठ चुका है। समिति को निरस्त कर कलेक्टर और ग्रामीणों की मध्यस्थता में नए ट्रस्ट का गठन करने की मांग की गई है।


# स्वतंत्रता दिवस समारोह में सुगम यातायात के लिए रूट चार्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मिलित होने वाले अतिथियों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों के सुगम आवागमन के लिए यातायात पुलिस द्वारा रूट चार्ट बनाया गया है।

एकलव्य खेल मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने वाले नागरिकों के लिए विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे गौशाला मैदान में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई है। घड़ी चौक की ओर से आने वाले अतिथि अपना वाहन रामबाग से होते हुए गौशाला मैदान में पार्किंग कर पैदल समारोह स्थल जायेंगे। दानीटोला की ओर से आने वाले अतिथि सीधे गौशाला मैदान पहुंच अपना वाहन खड़ा करेंगे। इसी तरह अंबेडकर चौक व रूद्री की ओर से आने वाले अतिथि लक्ष्मी निवास से होकर ब्रम्ह चौक से बायें के रास्ते रामबाग होते हुए गौशाला मैदान पहुंचेंगे। यातायात पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मिलित होने वाले सभी अतिथियों से ट्रेफिक नियमों का पालन करने की अपील की है।

**गौशाला मैदान को बनाया गया पार्किंग स्थल**




# आवासीय पट्टा आवंटन में भेदभाव की शिकायत



- शंकरदाह के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आवासीय पट्टा दिलाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत शंकरदाह के 9 एवं 10 नंबर के वार्डवासी आवासीय पट्टे की मांग को लेकर कलेक्टोरेट में आवाज बुलंद की है। शंकरदाह के ग्रामीण भूपेन्द्र देवांगन, मनोहर ध्रुव, भगवंतीन ध्रुव, परमेश्वर साहू सहित अनेक ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि वार्ड क्र. 9 एवं 10 के रहवासी को शासन ने आवासीय योजना के तहत पट्टा नहीं दिया है। गांव के सरपंच ने भी उक्त दोनों वार्ड के 28 परिवारों को छोड़कर सभी के लिए पट्टे की स्वीकृति प्रदान की है। 28 परिवार शंकरदाह में पूर्वजों के समय से निवास करते आ रहे हैं। गांव में बाहरी व्यक्ति को आवास देकर शासन से पट्टा दिलवाया गया है। पट्टा से वंचित सभी लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करते हैं। पट्टा नहीं होने से वे पीएम आवास से वंचित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने शासन के योजनांतर्गत आवासीय पट्टा दिलाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### रक्षाबंधन पर भद्रा का साया, शुभ मुहूर्त दोपहर 1.30 बजे के बाद

**धमतरी।** इस वर्ष रक्षाबंधन पर भद्रा का साया रहेगा। विप्र विद्वत परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक कुमार शास्त्री ने बताया कि 18 अगस्त रविवार को भद्रा रात्रि 3 बजकर 4 मिनट पर प्रारंभ होगा जो 19 अगस्त सोमवार की दोपहर 1 बजकर 30 मिनट पर समाप्त होगा । उसके बाद रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त प्रारंभ हो जायेगा। मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि रक्षाबंधन भाई बहन के पवित्र रिश्ता का पर्व है। भाई बहन के बीच अटूट प्यार को दर्शाने के लिए मनाया जाता है। इस दिन बहनें भाई की पूजा अर्चना कर भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं और उनके स्वस्थ्य जीवन की कामना करती हैं।

### कांग्रेस की संविधान यात्रा 14 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार देश की आजादी की 77वीं वर्षगांठ के पूर्व 14 अगस्त को कांग्रेस द्वारा संविधान यात्रा का आयोजन किया गया है। जिला अध्यक्ष शरद लोहाना ने बताया कि संविधान की रक्षा की प्रतिज्ञा करते हुए तिरंगा ध्वज के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र और प्रिय भजन वैष्णव जन का गायन करते हुए प्रातः 7 बजे बिलाईमाता मंदिर से प्रारंभ होकर रामबाग, सदर बाजार, मकई चौक, रत्नाबांधा चौक होते हुए शिव चौक से तहसील कार्यालय समीप महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल तक प्रभातफेरी निकाली जाएगी। उन्होंने पार्टी के सभी प्रकोष्ठ से उपस्थिति की अपील की है।

### रक्तदान और नेत्र जांच शिविर 15 को

**धमतरी।** पूज्य सिंधी पंचायत की इकाई सिंधु युवा विंग और बढ़ते कदम धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में सर्व समाज के लिए 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर रक्तदान और नेत्र जांच शिविर का निःशुल्क आयोजन आमापारा वार्ड के पूज्य सिंधी पंचायत हाल में किया गया है। सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी राजेश चावला ने बताया कि शिविर में जिला अस्पताल के डॉक्टर गुरुचरण साहू के साथ 7 सदस्यीय टीम द्वारा रक्तदान, नेत्र, बीपी शुगर की जांच निःशुल्क की जाएगी। शिविर की तैयारी में मनीष वाधवानी, आसन दास पोपटानी, विशाल पोपटानी, राजेश चावला, रोहित बख्तानी समेत समाजन जुटे हैं।

### राशनकार्डों का नवीनीकरण 15 तक

**धमतरी।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए 15 अगस्त तक समयावृद्धि की गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले में अब तक 2 लाख 33 हजार 595 राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जा चुका है, जो 97.01 प्रतिशत है एवं शेष 7,190 राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जाना है।

## लोकेशन और आवास का नया कलेवर खरीदारों को कर रहा आकर्षित

# हाउसिंग बोर्ड पोटियाडीह कॉलोनी लोगों की पहली पसंद

- पोटियाडीह के बाद खरतुली में बनेगी बोर्ड की कॉलोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर से 5 किमी दूर ग्राम पोटियाडीह में हाउसिंग बोर्ड की खूबसूरत कॉलोनी आकार ले रही है। यहां का लोकेशन और कॉलोनी लोगों को खूब पसंद आ रहा है। पोटियाडीह में प्रस्तावित 333 मकानों में 249 आवास धड़ाधड़ बिक गए। वहीं 84 मकानों को खरीदने के लिए जरूरतमंद हाउसिंग बोर्ड के विज्ञापन का इंतजार कर रहे हैं लेकिन इस बार तय भाव से अधिक दर पर आवास खरीदना पड़ेगा।

छग गृह निर्माण मंडल द्वारा विकसित किए जा रहे पोटियाडीह की कॉलोनी में आवास की मांग खूब हो रही है। हाउसिंग बोर्ड हटकेशर स्थित कार्यालय में रोजाना अनेक लोग मकान खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। हाउसिंग बोर्ड कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पोटियाडीह में अलग-अलग 5 साइज का 333 मकान निर्माण प्रस्तावित है, जिसमें जूनियर एचआईजी 1694.70 वर्गमीटर क्षेत्रफल वाले 8 मकान स्वीकृत हैं। 32 लाख 22 हजार मूल्य वाले जूनियर एचआईजी के सभी मकान बुक हो चुके हैं। सीनियर एमआईजी के 28 मकान प्रस्तावित है। इनमें से 24 मकान बिक चुके हैं। इसका मूल्य 22 लाख 90 हजार रूपये था। जूनियर एमआईजी के 72 आवास का निर्माण किया जाना है। 72 में 27 मकान बिक चुके हैं। जूनियर एमआईजी का मूल्य 18 लाख 90 हजार था। एलआईजी 903.84 वर्गफीट क्षेत्रफल का है। 90 आवास इस साइज वाला बन रहा है। इसके सभी आवास बिक चुके हैं। एलआईजी का मूल्य 11 लाख रूपये रखा गया था। पोटियाडीह की बोर्ड कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के 135 मकान बनाए जा रहे हैं। इसमें से 100 आवास बिक चुके हैं। ईडब्ल्यूएस का मूल्य 5.10 लाख रूपये निर्धारित था।






### शेष 84 आवासों का दाम बढ़ेगा

कार्यपालन अभियंता एवं संपदाधिकारी एमके नरेटी ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आवास की खूब डिमांड है। यहां सीनियर एमआईजी 4, जूनियर एमआईजी 45 तथा ईडब्ल्यूएस के 35 आवास के विक्रय के लिए नई दर पर विज्ञापन जारी होगा। श्री नरेटी ने बताया कि पोटियाडीह में आवास की मांग को देखते हुए पोटियाडीह कॉलोनी से लगे खरतुली ग्राम में भी छग गृह निर्माण मंडल द्वारा कॉलोनी विकसित की जाएगी।

### हटकेशर के फ्लैट खरीदने में लोगों का उत्साह नहीं

शहर में हटकेशर हाउसिंग बोर्ड टाप कॉलोनी में से है। हटकेशर कॉलोनी में आवास की खूब मांग है लेकिन यहां बनाए गए फ्लैट को खरीदने में लोग उत्सुक नजर नहीं आ रहे हैं। हटकेशर पुरानी मंडी नाका के पास बने नीलगिरी हाईटस के 8 फ्लैट विक्रय के लिए आफर आधार पर ऑनलाइन किया जा रहा है। नीलगिरी हाईट्स में तृतीय तल पर 2 बीएचके 3 फ्लैट, चतुर्थ तल पर 1 बीएचके 1 फ्लैट का विक्रय किया जाना है। इसका मूल्य 13.95 लाख तथा 8.35 लाख रूपये है। नीलगिरी में चतुर्थ तल पर 4 फ्लैट है। 2 बीएचके फ्लैट का मूल्य 13.65 लाख रूपये है। परिजात हाईट्स में भी 8 फ्लैट विक्रय के लिए है। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय तल पर स्थित फ्लैट के दाम 13.65 से 19.32 लाख रूपये तक है।

### स्थायी समिति और सामान्य सभा का सम्मिलन 22 को

**धमतरी।** जिला पंचायत धमतरी की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति और सामान्य सभा का सम्मिलन 22 अगस्त को जिला पंचायत के सभाकक्ष में रखा गया है। सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि सामान्य प्रशासन स्थायी समिति का सम्मिलन सुबह 11.30 बजे से आयोजित किया जाएगा, जिसमें उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी। इसी तरह दोपहर एक बजे से आयोजित समान्य सभा के सम्मिलन में कृषि, उदन्ती सीतानदी टाईगर रिजर्व, आदिवासी विकास विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग विभागों के कार्यों के अलावा अन्य विषयों की समीक्षा की जाएगी।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**

## जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति गठित

**धमतरी।** प्रदेश में खरीफ 2024 से एग्रीस्टेक कार्य के लिए पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत तीन जिलों का चयन किया गया है। इनमें से एक धमतरी जिला है। जिले के ग्रामों में जियोरिफ्रेंसिंग सर्वेक्षण का कार्य एजेंसी चिप्स के जरिए पूरा कर लिया गया है। जियोरिफ्रेंसिंग के बाद मैदानी स्तर पर पाई जाने वाली विसंगतियों का निराकरण राजस्व अमला के माध्यम से किया जाना है। इसके मद्देनजर कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले में एग्रीस्टेक के सफल संचालन, अनुश्रवण एवं संबंधित विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करने जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति गठित की है। समिति की अध्यक्ष कलेक्टर होंगी। समिति में सदस्य के तौर पर उपसंचालक कृषि, सहायक संचालक उद्यानिकी, प्रतिनिधि वनमण्डलाधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, डीआईए प्रतिनिधि, कृषि विज्ञान केन्द्र प्रमुख को शामिल किया गया है तथा समिति के सदस्य सचिव प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख शाखा होंगे।

### विधायक अजय चंद्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि हुए शामिल

# गांव से लेकर शहर तक निकली तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरूद विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा के तीसरे दिन कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर, तिरंगा यात्रा प्रभारी भानु चन्द्राकर सहित भाजपा के मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, जिला पदाधिकारी, भाजपा पदाधिकारी एवं नेता प्रत्येक गांव में तिंरगा रैली में सम्मिलित हुए।

केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए गए 11 से 14 अगस्त तक घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ कुरूद विधानसभा में कुरूद नगर में महापुरुषों के चौक चौराहों से किया गया। कुरूद विधानसभा की प्रत्येक ग्राम पंचायत में घर घर तिंरगा पहुंचाने के लिए क्षेत्रवासी आगे आ रहे हैं। इस अवसर पर विधायक अजय चन्द्राकर नगर पंचायत भखारा, सिलीडीह एवं कचना में, भानु चन्द्राकर ग्राम सिर्री, ज्योति चन्द्राकर ग्राम करगा, सिंधु बैस





सिर्वे, कमलेश ठोकने चारभांठा, गौकरण साहू गुदगुदा, पुष्पेन्द्र साहू ग्राम नारी, कोड़ेबोड़, रविकान्त चन्द्राकर चरमुड़िया, आदर्श चन्द्राकर बंगाली, कृष्णकांत साहू नवागांव, कुलेश्वर चन्द्राकर भाठागांव, श्याम साहू ग्राम भेंड्री, होरी साहू बेलौदी, बीरेन्द्र साहू हसदा, हरख जैन कोसमर्रा, रामस्वरूप साहू नगर पंचायत भखारा एवं भेंडसर, पंकज सिन्हा सिलघट, संतोष सोनी सौंगा, डगेश्वर सोनकर खैरझिटी, दुर्गेश यादव परेवाडीह, नूतन धृतलहरे हरदी, छत्रपाल बैस बोरझरा, भीमदेव साहू ईर्रा में, झागेश्वर ध्रुव खर्रा, त्रिलोचन साहू परसट्टी, जागेश्वर साहू कोकड़ी, चैतन्य गिरी जीजामगांव में, हरिशंकर साहू मडेली, उमेश बैस कातलबोड़, प्रेमचंद साहू सेलदीप, हरिशंकर सोनवानी बंजारी, कोमल शुक्ला भोथली, पन्ना चन्द्राकर दहदहा, मालकराम साहू बगौद, भोलाराम साहू सिलौटी, सतीष जैन हंचलपुर, रामपुर, पुरूषोत्तम सिन्हा सुपेला, गोपी साहू जरवायडीह, चोवाराम गंजीर सेमरा , दुलार सिन्हा कोर्रा, अनिरुद्ध देवांगन गाड़ाडीह में आयोजित तिंरगा यात्रा में सम्मिलित हुए।

### घर-घर तिरंगा फहराने की अपील

तिरंगा यात्रा प्रभारी भानु चंद्राकर ने बताया कि देशभक्ति का जज्बा लिए हाथों में तिरंगा झंडा लेकर उत्साह एवं उल्लास के साथ तिरंगा यात्रा हर घर तिरंगा अभियान को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए ग्रामीण युवा और वृद्ध, पुरुष और महिलाएं गांव के चौक-चौराहों में भारत माता की जय, तिरंगा अमर रहे का जयघोष करते हुए राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान कर रहे हैं। वहीं राष्ट्रीय पर्व और एकता का अनुभव भी कर रहे हैं। कुरुद विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को स्वतंत्रता दिवस पर घरों पर तिरंगा फहराने के लिए अपील की जा रही है।

## अंचल की खबरें

### कांवरियों का फूलों की वर्षा कर किया स्वागत



**नगरी।** सावन माह के चौथे सोमवार को सिहावा नगरी के सभी शिव मंदिर में सुबह से शाम तक जल अभिषेक करने लोगों की भीड़ दिखाई दी। मुक्तिधाम सेवा समिति द्वारा कांवर यात्रा का फूलों की वर्षा के साथ स्वागत किया गया। मौके पर आयोजक समिति के सदस्य रूपेण साहू द्वारा श्रद्धालुओं को पौधों का वितरण किया गया।

### छाती में मंत्रोच्चार के साथ हुआ जलाभिषेक



**पुरी।** हर-हर महादेव बोल बम समिति छाती द्वारा सोमवार को मंत्रोच्चार के साथ जल अभिषेक का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोपेश्वर महादेव स्वयंभू राजिम से पैदल चलकर समिति के 36 सदस्यों ने गांव की गलियों का भ्रमण कर पूजा पाठ सहित मंत्रोचारण के साथ जल अभिषेक किया। गांव में जगह-जगह कांवरियों का स्वागत किया गया। कांवरियों ने गांव की खुशहाली के लिए भगवान बूढ़ेश्वर महादेव में जलाभिषेक किया। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू छाती ने दी।

### मिनीमाता की पुण्यतिथि पर बुजुर्गों का किया सम्मान



**अंवरी।** ग्राम अंवरी में छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद, सतनामी समाज की गुरुमाता मिनीमाता की पुण्यतिथि मनाई गई। मिनीमाता की पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात बुजुर्गों का सम्मान श्रीफल और साड़ी भेंटकर किया गया। कार्यक्रम में डॉ सुनील गायकवाड़ जनपद सदस्य, लेखराम साहू, पुनेश्वर साहू सरपंच, डोरीलाल चंदेल, मूलचंद चंदेल, चंद्रेश बघेल, विरेंद्र गायकवाड़, सूर्य गायकवाड़, लोमश पटेला समेत सतनामी समाज के लोग उपस्थित थे।

# हसदा में अजय ने तिरंगा यात्रा का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम हसदा में हर घर तिरंगा यात्रा अभियान की शुरुआत मुख्य अतिथि कुरूद विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर ने कन्या शाला डिपरापारा अमलीभाठा परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कर की। अटल चौक पंचायत के पास अटल चबूतरा पर पुष्पांजलि अर्पित करते कर मनोरंजन चौक से गांधी चौक, महावीर चौक , मंगल बाजार चौक होते हुए बरगद चौक, गांधी चौक के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर भाजपा मेघा मंडल अध्यक्ष होरी लाल साहू, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष व अभियान प्रभारी विरेंद्र साहू, मंडल सह प्रभारी दुर्गेश यादव, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो राजेश साहू, भूपेन्द्र चंद्राकार, जगदीश साहू सरपंच, नूतन घृतलहरे, एससी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, महिला मोर्चा जिला मंत्री विद्या यादव, नरोत्तम यदु पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पटेल संघ, राकेश साहू युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष, चन्द्रहास साहू, रोहित साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज, ग्रामीण अध्यक्ष काशी राम साहू, शिवशंकर यादव, विजय शंकर यादव, परस घाटंगे, दिनेश पटेल, बूथ अध्यक्ष मदन पाल, सुशील साहू, मनोज यादव, दीनदयाल साहू, जोहत साहू, मोहन साहू,घासू साहू, टिकेश साहू, जगन्नाथ महिलवार, भारत पारधी, संजय साहू, तहसीलदार, पंचायत सचिव समेत गांव के गणमान्य नागरिक व शाला के बच्चे शामिल रहे।





# शाला प्रबंधन विकास समिति के धर्मेन्द्र अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

शासकीय उमावि मेघा शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू बनाए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शाला प्रबंधन समिति के माध्यम से वह स्कूल के विकास के लिए भरसक प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष संतोष सोनी, प्राचार्य सुरेश कुमार साहू, शिक्षक अवधराम साहू, अमित कंवर, देवनारायण निषाद, जयंत कुमार साहू, भावना चावड़ा, किरण साहू, प्रीतम साहू, टुकेश्वरी साहू, विद्या साहू, कीर्तिलता साहू राहुल जैन, अशोक साहू, दीप सिन्हा उपस्थित थे ।

### मोहमल्ला में लईका घर का शुभारंभ



**नगरी।** ग्राम मोहमल्ला में लईका घर का शुभारंभ किया गया। लईका घर में 7 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों की प्रारंभिक देखभाल, पोषण और उसके विकास को सुनिश्चित किया जायेगा। कामकाजी माता-पिता के लिए लईका घर वरदान साबित होगा। वे अपने छोटे बच्चों को लईका घर में छोड़कर अपने कामों में व्यस्त रह पायेंगे। ज्ञात हो कि लईका घर मोबाइल क्रैशिज संस्था द्वारा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

## भोथली में निकली कांवर यात्रा



**सांकरा।** ग्राम भोथली में ग्रामवासियों द्वारा कांवर यात्रा निकाली गई। भोथली से महामाई एवं कर्णेश्वर धाम और कोटेश्वर धाम में जाकर जल अभिषेक किया। इस कांवर यात्रा में शिवनाथ साहू, सुरेंद्र यादव, शेखर यादव, महेंद्र यादव, शिव साहू, महेंद्र साहू, राजेंद्र साहू, ग्रंथ साहू, डोमेंद्र साहू, शशि साहू, हीराबाई यादव, सुषमा साहू, सतरूपा यादव, सरिता साहू, कौशल्या यादव

# मालक राम के नेतृत्व में बगौद में निकली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

स्वतंत्रता दिवस को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने रविवार से कुरुद विधानसभा में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की है। इसके तहत बगौद में वरिष्ठ भाजपा नेता मालक राम साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्कूली बच्चों व पंचायत प्रतिनिधियों संग तिरंगा यात्रा निकाली।

इस दौरान यात्रा में शामिल लोगों ने भारत माता की जय का उद्घोष कर



माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। भाजपा नेता व कार्यकर्ता हाथ में तिरंगा लिए सड़कों पर पैदल चल रहे थे।

इस अवसर पर सरपंच मीनाक्षी साहू, झालेंद्र कंवर, सरपंच प्रतिनिधि लीलाराम साहू, सोमेंद्र दीवान, संतोष पाठक, घनश्याम चंद्राकर, भारतेंद्र साहू, रेखराम साहू, ऋषभ पटेल, नरेंद्र साहू,पद्मनी ध्रुवंशी, यंगेश्वरी साहू, रूपा साहू, दुखिया बाई, गणेशी निषाद, मंशा राम साहू उपस्थित थे।

### परखंदा की गलियों में निकली तिरंगा रैली



**कुरुद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिंरगा घर-घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत परखंदा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परखंदा के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा रैली एवं राष्ट्र तिरंगा के सम्मान में शपथ ली गई। यह तिरंगा रैली स्कूल परिसर से होकर ग्राम पंचायत परखंदा की गलियों से गुजरती हुई ग्राम पंचायत परिसर में समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा रैली निकालकर तिरंगे के जयकारों से गलियों में भ्रमण कर संदेश दिया। मुख्य अतिथि टिकेश साहू सरपंच नवागांव एवं विशिष्ट अतिथि परखंदा सरपंच शत्रुघ्न बारले, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष श्रीमती तारा गिरेंद्र साहू, चैन सिंह साहू, पंचगण, सचिव लोकेश साहू, पोषण साहू, सुशील साहू व शाला परिवार के शिक्षक, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# साहू समाज सभी क्षेत्र में आगे बढ़ रहा : अरूण साव

- उत्कृष्ट कार्य के लिए धर्मेन्द्र को किया सम्मानित
- छग प्रदेश साहू संघ कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ ने रखा सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ ने रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सम्मान समारोह रखा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के स्वजातीय कर्मचारियों तथा अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। ग्राम बकली निवासी धर्मेन्द्र कुमार साहू शिक्षक शासकीय माध्यमिक विद्यालय रतेसरा को भी सम्मान प्राप्त हुआ। यह सम्मान उन्हें शिक्षा में नवाचार, डिजिटल शिक्षा प्रोत्साहन, सामाजिक गतिविधियों एवं प्रकृति संरक्षण संवर्धन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया।




इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि साहू समाज सभी क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। हमारा समाज हर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है। छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा समाज होने के नाते सभी समाज को साथ लेकर चलने की जिम्मेदारी भी हमारी है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने कहा कि साहू समाज ने पिछले कुछ वर्षों में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए सार्थक कदम उठाया है। सभा को विधायक भोलाराम साहू, ईश्वर साहू, दीपेश साहू, इंद्र कुमार साहू, रोहित साहू, संदीप साहू, मोतीलाल साहू और पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

मौके पर भुनेश्वर साहू, दयाराम साहू, लखन साहू, पवन साहू, डॉ. नारायण साहू, यशवंत साहू, घनश्याम साहू, द्वारिका साहू, मनीष साहू, गौरीशंकर, लक्ष्मीकांत, नंद अठभैय्या, भागवत कथा वाचिका यामिनी साहू सहित साहू समाज के अनेक पदाधिकारी तथा अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### गोजी के 37 कांवरियों ने बाबा बैद्यनाथ में किया रुद्राभिषेक



**सिर्री।** ग्राम गोजी के 37 कांवरिये बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए निकले हुए हैं। कांवरियों ने सोमवार को बाबा बैद्यनाथ धाम में जल अर्पित किया। इनमें जिला युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष इंदु साहू, तहसील सचिव संतोष साहू, तुकाराम साहू ग्रामीण अध्यक्ष, संजय साहू पंच, विज्ञान साहू पंच, धानसिंग साहू ग्रामीण समाज संरक्षक, देवलाल पाल ग्रामीण सचिव, एकेंद्र साहू मानिक राम, धरम सिंह पाल, योगीराज, नरेश साहू, कामता साहू, पवन साहू, चंदन यादव, गौतम साहू, गजेंद्र साहू, राजेंद्र साहू, बिशेलाल साहू, पूर्व सरपंच जयमित्र साहू, चैतूराम साहू शामिल है। उन्होंने बताया कि गांव की सुख शांति के लिए लगातार 15 से लगातार श्रावण माह में भगवान शिव को जल चढ़ाने यात्रा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने उनकी मंगल यात्रा की कामना की है।

### विश्व हाथी दिवस पर फरसियां स्कूल के छात्रों ने ली हाथियों को बचाने की शपथ

# मानव दखल से प्रकृति में जीव-जंतुओं की संख्या घट रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विश्व हाथी दिवस पर छात्र-छात्राओं को हाथियों के संबंध में जानकारी देकर उनकी रक्षा के लिए शपथ दिलाई। विद्यालय के प्राचार्य नीरज सोन ने बताया कि प्रकृति में जीव जंतुओं की संख्या लगातार मानव दखल के कारण कम होते जा रही है। मानव अपने स्वार्थ को पूरा करने के लिए जंगलों की कटाई कर रहा है और इसकी वजह से जंगली जानवर मानव रहवासी क्षेत्र तक आकर हमारे घर, फसल और मानव को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अगर प्रकृति में मानव और जीव जंतुओं का संतुलन नहीं रहेगा तो प्रकृति विनाश की कगार पर चली जाएगी। प्रतिवर्ष देश में सैकड़ों हाथियों की मौत शिकार, दलदल में फंसकर या जंगल के गड्ढों में गिरने से हो रही है। हाथी व अन्य जीवों के सुरक्षित रहने से पर्यावरण का संतुलन बना रहेगा। व्याख्याता यशपाल साहू ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को हाथी संरक्षण के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर व्याख्याता निरुपमा किरण श्रीमाली, लोमश कुमार पटेल, यशपाल साहू, प्रेमलाल ध्रुव, अरविंद सोम, रेणु सोम, अंजना लावत्रे, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी ऋषिकेश साहू, रेडक्रास प्रभारी देवयानी सोम, मिलेंद्र ठाकुर, स्काउट गाइड प्रभारी शिल्पा मानिकपुरी, त्रिवेणी सूर्यवंशी, चम्पा साहू, वेणुसुधा साहू, ललिता साहू, टिकेश साहू, त्रिलोक कपूर ध्रुव, भगवती ध्रुव, ललिता निषाद, भरत चनाप व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।



**Pride of Dhamtari**

आपके शहर धमतरी में
श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल, रायपुर से
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 7389936624



स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क, एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें

| डॉ आशु जैन | डॉ अक्षय बैद | डॉ जोगेश |
|---|---|---|
| MS,MCh, Neurosurgeon ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ | MS,MCh, Neurosurgeon ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ | MD,DM Interventional Cardiologist |
| 09 अगस्त 2024 शुक्रवार | 16 अगस्त 2024 शुक्रवार | 17 अगस्त 2024 शनिवार |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

ॐ

# BHARTI VISHWAVIDYALAYA, DURG

BHARTI VISHWAVIDYALAYA

Approved by - AICTE, NCTE, BCI, PCI / University Grants Commission (UGC), New Delhi

Bharti Group has been running many courses successfully for past 27 years...




## Law
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

## Animation & Visual Effects
- B.Sc.
- M.Sc.

## Engineering
M. Tech. / B.Tech.
Polytechnic
- Civil
- CSE
- ET&T
- Mechanical
- Electrical
- Artificial Intelligence & Machine Learning

## Journalism
- MAJMC
- BAJMC

## Hotel Management
- MHM
- BHM

## Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph.D.

## Library
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

## Arts/ Science/ Commerce
- B.Sc. / M.Sc. - All Subjects
- MBA
- BBA
- MPH
- DCA
- PGDCA
- BCA
- DSW
- B.A./ B.Sc./ B.Com.
- B.A./ B.Sc./ B.Com. (Hons) } As per NEP 2020
- M.A./ M.Sc./ M.Com. → All Subjects Inclu. Chhattisgarhi
- BSW
- MSW
- B.Stat.
- M.Stat.
- BRS
- MRS
- Forensic Science /Food & Nutrition

## Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

## Film Making
- B.A.
- M.A.

## Diploma Courses
- Forensic Science
- Yoga Science
- Interior Design
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Corporate Law
- Digital Marketing
- Nutrition & Dietetics
- Multimedia & Graphic Animation

**Ph.D. Available in all Subjects**

**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery | **B.Sc. (Nursing)**
Affiliated to Ayush University, Raipur

**B.Tech. Agricultural** | **B.Sc. Agriculture**
Affiliated to IGKV, Raipur

**Preference on Limited Seats for "Single Girl Child" in Admission as per University Norms.**

**Special Classes for Personality Development, Training, Placement & Entrepreneurship Development**



www.bhartiuniversity.org

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

: 6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07

: Durg (Chhattisgarh)

## अंचल की खबरें

### भालूझूलन स्कूल में न्योता भोज का हुआ आयोजन



**डांडेसरा** धमतरी। बोल बम समिति द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला भालूझूलन में न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान शाला के छात्र-छात्राओं को खीर-पूड़ी परोसी गई। इस अवसर पर शिक्षक द्वारिका प्रसाद देवांगन, टंकेश्वर भार्गव, बोल बम समिति के जनक कंवर, अनिल कंवर, रूपसिंह कंवर, नरेन्द्र साहू, अंकेश्वर कंवर, जितेंद्र कंवर, चिन्टू साहू, सोम, बुधराम कंवर, किशन, ओम ध्रुव, अमरसिंह, पूरनमल साहू उपस्थित थे।

### तिरंगा रैली निकालकर किया लोगों को जागरूक



**नगरी।** ग्राम पंचायत मोहमल्ला की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व बच्चों ने आजादी महोत्सव के तहत हर हर तिरंगा हर घर तिरंगा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। लोगों में देश प्रेम की भावना को जागृत करने व तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना पैदा करने रैली निकाली गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पकनीन कुंजाम, अनीता नेताम, सरिता मरकाम, पंच खिलेश्वरी मरकाम, चेतना यादव, रमुला नेताम, सुरेखा मरकाम, नरसिंह वट्टी, गुंजन मरकाम, बुधियारिन बाई उपस्थित थे।

### मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण की मांग



**नगरी।** मुक्तिधाम सेवा समिति ने सांकरा रोड मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार एवं सौदर्यीकरण के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत नगरी को ज्ञापन सौंपा। मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष नागेद्र शुक्ला, उपाध्यक्ष अजय नाहटा, बिट्टू खनूजा, रुपेद्र साहू समेत समिति के सदस्य मौजूद थे।

### छात्रों ने लगाए देशभक्ति के नारे



**नगरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान के तहत प्राथमिक शाला बिरनपारा (दुगली) के छात्र-छात्राओं ने गांव की गलियों में देशभक्ति नारे लगाए। मौके पर अभियान प्रभारी वरुण देव नेताम, भाजपा युवा मोर्चा कुकरेल मंडल मंत्री भोज सोनवानी, आशाराम ओटी, पालक समिति के अध्यक्ष मुकेश नेताम, प्रधान पाठक चिंताराम तुमरेटी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### जी-जामगांव स्कूल के दो छात्रों का प्रयास में चयन



**जीजामगांव।** संकुल केंद्र जीजामगांव के संकुल समन्वयक रवि कुमार साहू के दिशा निर्देशन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में शासकीय बालक माध्यमिक शाला जीजामगांव के छात्र अमित कुमार पिता कृपाराम महिलांगे एवं भानु पिता रामकुमार डौंडे कक्षा आठवीं का चयन प्रयास विद्यालय में कक्षा 9 वीं के लिए हुआ है। दोनों की इस उपलब्धि पर शिक्षक आरके साहू, प्रधान पाठक श्रीमती एस.ध्रुव, बीके साहू, एसके साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

### तिरंगा यात्रा में सैकड़ों ग्रामीण हुए शामिल




**मगरलोड।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक बार फिर देशभर में हर घर तिरंगा अभियान वृहद स्तर पर शुरू हुआ है। कुरूद विधानसभा के ग्राम मेघा में कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के दिशा निर्देश पर यात्रा प्रभारी श्याम साहू की उपस्थिति में पूर्व वनमंत्री स्व. यशवंतराव मेघावाले को माल्यार्पण कर मेघा की गलियों से होते हुए तिरंगा यात्रा निकली। सेन्हाभाठा में सैकड़ों ग्रामीण इस यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम में नेहरू निषाद, संतोष सोनी, धर्मेंद्र कुमार साहू, अभिनव, सोमनाथ निषाद, जागेश्वर साहू, शिवकुमार निषाद, तोरण पटेल, बेदु साहू, पूर्णानंद पटेल, निरंजन साहू, ललिता साहू, सरिता साहू, नीरा पटेल, सुलोचना सोनी, दिनेश्वरी, नमिता, सरस्वती, रूपा उपस्थित थे।

### तिरंगा रैली को पिछड़ा वर्ग मंडल संयोजक ने दिखाई हरी झंडी



**सिर्री।** ग्राम पंचायत परसवानी (दहदहा) में हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाली गई। गांव में स्कूल प्रांगण से गलियों से होकर पुनः स्कूल तक संपन्न की गई। राष्ट्र के प्रति भक्ति और लोगों में जागरूकता की मिसाल निकाली गई तिरंगा रैली को दीपक चंद्राकर पिछड़ा वर्ग मंडल संयोजक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर सरपंच नरेंद्र साहू, सुनील चन्द्राकर, पन्ना चंद्राकर, संजय साहू उपाध्यक्ष भाजयुमो कुरूद मंडल, थानेश्वर साहू, वासुदेव साहू, बुधराम ध्रुव, त्रिभुवन तारक, नारायण यादव, तोरण साहू, दादू तारक, भुनेश्वर साहू, रोशन साहू, मोहन साहू, किशोर चन्द्राकर, हरिचन्द्र विश्वकर्मा, राजू चन्द्राकर, पंचायत सचिव, पंचगण सहित स्कूली बच्चों सहित गुरुजन व ग्रामवासी मौजूद रहे।


स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर होंगे

# स्वतंत्रता दिवस समारोह का हुआ अंतिम पूर्वाभ्यास

**कलेक्टर नम्रता गांधी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





जिले में 15 अगस्त को गरिमामय और हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एकलव्य खेल परिसर में अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। गौरतलब है कि स्थानीय डॉ शोभाराम देवांगन स्कूल परिसर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह में कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण करेंगे। समारोह की तैयारी के तहत कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में पूर्वाभ्यास के दौरान मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार बतौर मुख्य अतिथि सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव का मंच पर आगमन, परेड निरीक्षण, ध्वजारोहण का अभ्यास, मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन, प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट, हर्ष फायर, प्लाटून कमांडरों से परिचय, पुरस्कार वितरण, फोटो सेशन सहित संपूर्ण आयोजन का पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, अपर कलेक्टर जी.आर. मरकाम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर मुख्य अतिथि होंगे। डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एकलव्य खेल परिसर में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इसके पश्चात सलामी व राष्ट्रगान तथा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा।

## सिलौटी स्कूल में विश्व हाथी दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में हाथियों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विश्व हाथी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी संतोष कुमार जैन ने कहा कि पहला विश्व हाथी दिवस 12 अगस्त 2012 को मनाया गया। हाथी हमारे वन्यजीवों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिकार, आवास की कमी, अवैध व्यापार और मानवीय संघर्ष के कारण उनकी संख्या में लगातार कमी हो रही है। यह न केवल जैव विविधता के लिए खतरा है, बल्कि हमारी प्राकृतिक धरोहर की सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर चुनौती है। सभी छात्रों व शिक्षकों ने हाथियों की सुरक्षा की शपथ ली तथा हाथियों के अवैध शिकार और अवैध व्यापार को रोकने के लिए कठोर कानून बनाने की मांग की।

इस अवसर पर प्राचार्य बी पदमा राजेश, एके यादव, जेएन सोनवानी, एसके ध्रुव, एचआर साहू, सीपी साहू, वायके सेन, एनआर साहू, आर पोर्ते, एनके साहू, एचके साहू, आकाश साहू, यशोदा साहू, भोजराम साहू समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## डीजी ट्रेनिंग अकादमी के तीन युवाओं का अग्निवीर थलसेना में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶बगदेही(धमतरी)

डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा के प्रशिक्षणार्थियों को सफलता मिल रही है। इसी कड़ी में डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा से साहेबदास को जीडी पोलिस रिटर्न में, समीर को इंडियन नेवी एसएसआर रिटर्न में, कमलनारायण को अग्निवीर थल सेना रिटर्न में सफ़लता मिली हैं। इस अकादमी में प्रयास का भी निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। इस सत्र में चार बच्चों का कक्षा नवमीं में सिलेक्शन हुआ है।

तीन युवाओं का अग्निवीर थलसेना में सिलेक्शन हुआ है। डीजी ट्रेनिंग अकादमी का संचालन पिछले 10 महीने से कोर्रा के स्कूल ग्राउंड में किया जा रहा है जिसमे बच्चों को आर्मी, पुलिस, होम गार्ड, प्रयास एवं सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। लगभग 50 युवा प्रशिक्षण ले रहे हैं। मौके पर अकादमी के संस्थापक गुलशन साहू, प्रशिक्षक देवेन्द्र साहू, सहायक देवेश सेन, सदस्य करण साहेब, समीर छत्रपाल, कमल, वरुण, राजेश, गुल्ला, रोहन, धीरज, नोमिका, डलेश, होमेश्वरी, हिनेश्वरी, हिना, विभा, डोमेश, छाया, गीतांजलि उपस्थित थे।

## शिक्षक पर लगा आरोप गलत और निराधार

- जांच टीम ने मॉडल, आवश्यक दस्तावेजों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



ब्लाक कुरुद की शासकीय माध्यमिक शाला कुर्रा में इंस्पायर अवार्ड मानक योजना की राशि 40,000 रुपये को डकारने का आरोप एक शिक्षक पर लगा था जो पूरी तरह गलत एवं निराधार है। ज्ञात हो कि विज्ञान मॉडल में चयनित चार विद्यार्थियों आर्यन वर्मा, पूनम बाँधे, निधि कंवर, जानवी पटेल के खाते में 10,000-10,000 रुपये जमा हुआ था। उस राशि का उपयोग पालक, छात्रों की सहमति से शिक्षक के गार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए मॉडल एवं आने-जाने से लेकर समस्त प्रकार के कार्यों में किया गया। उक्त राशि का गबन करने का आरोप शिक्षक भोजराम साहू पर लगाया गया था। इसे लेकर तत्काल शाला प्रबंधन विकास समिति पालक, छात्र एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में समस्त दस्तावेज, मॉडल विद्यार्थी पंजीयन को देखकर बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने इसका खंडन करते हुए प्रस्ताव के साथ पत्र जारी किया है। उसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने एक जांच टीम बनाकर स्कूल भेजा। जांच टीम ने मॉडल, पालक, छात्रों की सहमति एवं उनसे प्रत्यक्ष पूछताछ करने के बाद आवश्यक दस्तावेजों की जांच करते हुए शिक्षक भोजराम साहू पर लगाए गए आरोप को गलत और निराधार पाया है। उल्लेखनीय है कि इस स्कूल से एक मॉडल हेलमेट सेफ्टी लॉक का चयन नेशनल स्तर पर हुआ है।

## बच्चों को शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण मिले : खत्री

- संकुल केंद्र बेलौदी में हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



संकुल केंद्र हायर सेकेण्डरी बेलौदी में पालक-शिक्षक मेगा बैठक हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंध समिति के पदाधिकारी और गांव के गणमान्य नागरिक थे। इस अवसर पर ब्लॉक मगरलोड से आये राकेश खत्री जोनल अधिकारी के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर विशेष बिंदुओं पर शिक्षकों ने अपने विचार रखे। मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति और परीक्षा पे चर्चा, पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना, बस्ता रहित शनिवार बनाना, बच्चों के कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण और पोषण की जानकारी देना, आय जाति निवास प्रमाण पत्र हेतु शाला में शिविर लगाना, शाला में न्योता भोज कराना, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और छात्रवृति सहित लाभकारी योजनाओं, डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से शिक्षा हेतु पालकों एवं विद्यार्थियों को जादुई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी से अवगत कराया गया।

श्री खत्री ने कहा कि शिक्षकों को बेस्ट देना होगा और बेस्ट काम करना होगा। उन्होंने बारिश के पानी का उदाहरण देते हुए कहा कि गंदे पानी में मिलकर बारिश का शुद्ध पानी गंदा हो जाता है। इसी प्रकार गंदे माहौल से अच्छा माहौल गंदा हो जाता है। हमें अच्छे माहौल बनाना होगा और अच्छे माहौल को गंदा नहीं करना है ताकि बच्चों को शिक्षा का स्वस्थ और शुद्ध वातावरण मिल सके। इस अवसर पर सरपंच कृष्ण कुमार पाल, जनपद सदस्य लीलेश्वरी दीवान पाल, लक्ष्मी नारायण साहू, उमेंद राम साहू, घनश्याम साहू, प्यारी साहू, प्राचार्य वासुदेव ठाकुर, संकुल समन्वयक खिलेश्वर कश्यप सहित बड़ी संख्या में पालक व शिक्षक उपस्थित थे। स्वागत संचालन तिलक राम साहू व्याख्याता ने किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार साहू व्याख्याता, एफएलएन प्रभारी और आभार प्रदर्शन खिलेश्वर साहू कश्यप संकुल समन्वयक ने किया।

## कलेक्टर ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला अग्रणी बैंक द्वारा बड़ौदा आरसेटी परिसर में विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका कलेक्टर नम्रता गांधी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों से विभाजन विभीषिका पर चर्चा की। प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक इंद्र कुमार टिलवानी ने बताया कि भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के निर्देशानुसार ग्रामीण स्वरोजगार विकास संस्थान में लगाई गई यह प्रदर्शनी 15 अगस्त तक चलेगी, जिसका आमजन भी निःशुल्क अवलोकन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि देश के विभाजन के समय की स्थिति का आमजनता को एहसास कराने के उद्देश्य से इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर निदेशक, बड़ौदा आरसेटी अनीता टुडू सहित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## रामपुर स्कूल के छात्रों को सत्यम शिवम सुंदरम और मधुरम हाउस में बांटा



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में छात्र छात्राओं को अलग- अलग हाऊस प्रदान किया गया। यह हाऊस अकादमिक ईयर 2024 में स्कूल में किसी भी प्रकार के प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सहायता एवं नेतृत्व प्रदान करता है।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में कुल 200 छात्र छात्राओं को चार हाऊस में बांटा गया है जिसे सत्यम शिवम् सुंदरम और मधुरम हाउस नाम दिया गया है। चारों हाउस के रंग लाल, हरा, पीला, नीला है। चारों हाऊस के कोऑर्डिनेटर का चुनाव किया गया। इसमें स्कूल के शिक्षक -शिक्षिकाएं शामिल हैं। चारों हाऊस के हाउस कैप्टन का चुनाव किया गया। जिसमें हाउस के एक छात्र एवं छात्रा को यह पद दिया गया। ये अपने अपने हाउस का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह हाऊस छात्र एवं छात्रा में नेतृत्व क्षमता का विकास करने में मदद करता है। स्वतन्त्रता दिवस पर स्कूल में परेड का आयोजन हाउस के अनुसार किया जाएगा।। शाला नायक डाकेश्वर, उपशाला नायक अंजलि, खेल सचिव दीपांशु, सांस्कृतिक सचिव खिलची, पर्यावरण सचिव चितेश सेन का स्वागत किया गया।

## बोल बम कांवरियों का किया स्वागत



**बगदेही(धमतरी)।** डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा द्वारा बोल बम कांवरियों का स्वागत किया गया। कांवरिया महादेव घाट से अपने निज निवास जाने के रास्ते में अकादमी के संस्थापक गुलशन साहू, सदस्य सत्यानंद साहू एवं सहायक देवेश सेन ने स्वागत किया। इससे पूरा माहौल बोल बम से गूंज उठा।

## लक्ष्य से ज्यादा क्षेत्रफल में धान की फसल

**धमतरी।** धान की बोनी लगभग कम्पलीट हो चुकी है। इस साल 1 लाख 38 हजार 748 हेक्टेयर में धान की फसल लग चुकी है। यह रकबा थोड़ा बहुत बढ़ सकता है पर उससे ज्यादा कुछ फर्क नहीं पड़ेगा।

जिले में खेती किसानी जोरों से चल रही है। हालांकि अतिवर्षा के चलते इस साल बोनी विलंब से हुई है। अब यह बोनी लगभग पूरी हो चुकी है। कृषि विभाग के अनुमान से ज्यादा क्षेत्रफल में धान की फसल लगी है। जानकारी के अनुसार इस साल कृषि विभाग ने 1 लाख 38 हजार 640 हेक्टेयर में धान की फसल का लक्ष्य रखा था। इस लक्ष्य से कुछ ज्यादा 1 लाख 38 हजार 748 हेक्टेयर में धान की फसल लग चुकी है। दलहन तिलहन का रकबा भी इस साल बढ़ा है। कृषि विभाग ने 1150 हेक्टेयर में दलहन की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया था। इससे ज्यादा 1784 हेक्टेयर में दलहन की फसल लग चुकी है। इसका रकबा बढ़ने की गुंजाइश नहीं है। तिलहन के लिए 100 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित था। इसके विपरीत 138 हेक्टेयर में दलहन फसल लगी है।

## निधन

### संतोष सिंह राजपूत



**धमतरी।** मातारानी होटल के संचालक पुष्पा राजेंद्र सिंह राजपूत के पुत्र संतोष सिंह राजपूत का निधन 11 अगस्त रविवार को हो गया। वे अपने पीछे भाई दीपक सिंह ठाकुर, बहन निक्की, नीतू, नीरू, दुर्गा, खुमेश्वरी, सरिता राजपूत, मामा अशोक सिंह, खम्मन सिंह, खुमान सिंह सहित पूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम यात्रा में मगरलोड सहित धमतरी जिले के राजपूत समाज, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल तथा हिंदू समाज के लोग शामिल हुए।

## गोंडवाना समाज तहसील स्तरीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन

- टिकेश्वर सामान्य प्रभाग व सतरूपा तमोवंशी महिला अध्यक्ष चुने गए
- वेदप्रकाश युवा अध्यक्ष, मोहन कुर्रू कर्मचारी प्रभाग अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



गोंडवाना समाज सेवा समिति तहसील नगरी के पंचवर्षीय कार्यकाल हेतु तहसील स्तर की नई कार्यकारिणी का पुनर्गठन रविवार को गोंडवाना सामाजिक भवन नगरी में हुआ। ज्ञात हो कि ग्राम स्तर से लेकर उपक्षेत्र स्तर के पदाधिकारी का चयन होने के उपरांत ही तहसील स्तरीय निर्वाचक मंडल के सदस्यों द्वारा अप्रत्यक्ष प्रणाली से तहसील पदाधिकारी का चयन किया गया है। गोंडवाना समाज सेवा समिति तहसील स्तरीय सामान्य प्रभाग अध्यक्ष टिकेश्वर ध्रुव, उपाध्यक्ष जितेंद्रवीर कुंजाम, पीलाराम कोर्राम, जोहरलाल चंद्रवंशी भगवान सिंह नेताम, सचिव शत्रुघन साक्षी, सहसचिव सुरेंद्र कुमार नेताम, पिंगल गोटा, संचालक ईश्वर मंडावी, राधेश्याम नेताम, मीडिया प्रभारी डोमार सिंह ध्रुव, प्रमोद कुंजाम का चयन किया गया। संरक्षक अंबिका मरकाम विधायक, डा. लक्ष्मी ध्रुव पूर्व विधायक, रामप्रसाद मरकाम पूर्व अध्यक्ष , पीलाराम नेताम, शकुंतला ठाकुर, बिंदा नेताम बनाए गए। वहीं सलाहकार दलगंजन मरकाम, नारायण सिंह मरकाम, लखन नाम ध्रुव, नारायण सिंह नेताम, राजाराम मंडावी, विश्राम मरकाम, राम सिंह समरथ चिंताराम तुमरेटी बनाए गए हैं।

गोंडवाना समाज महिला प्रभाग अध्यक्ष श्रीमती शतरूपा तमोवंशी, उपाध्यक्ष कलेश्वरी मरकाम, ईश्वरी नेताम, सचिव विमला मरकाम, सहसचिव मीना नेताम, कोषाध्यक्ष नीरा साक्षी सामान्य प्रभाग तहसील सदस्य गणेशिया मरकाम, जलवती नागेश चयनित हुए हैं। युवा प्रभाग अध्यक्ष वेदप्रकाश मंडावी, उपाध्यक्ष राजेश मरकाम, दिनेश मंडावी, सचिव पोखन नेताम, सहसचिव चेतन नेताम, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर नेताम, सामान्य सभा तहसील सदस्य रोहित कोमरे, गौतम चंद्रवंशी बनाए गए है। कर्मचारी प्रभाग अध्यक्ष मोहन कुर्रू, उपाध्यक्ष जोहन नेताम, रमतू नेताम, सचिव बलराम सोरी, सहसचिव गंगाराम नेताम, कोषाध्यक्ष कृष्णा राम मरकाम, तहसील सदस्य बुधराम नेताम, डोमार ध्रुव, संचालक रैन नेताम, सुरेंद्र नेताम का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया। निर्वाचन अधिकारी के रूप में मोहन सिंह कुर्रु, डोमार सिंह ध्रुव, जोहरलाल चंद्रवंशी, विशाली राम ध्रुव, कृष्णा मरकाम, श्रीमती जलवती नागेश, श्रीमती सुनीता ध्रुव, श्रीमती सुभद्रा ध्रुव मौजूद थे। तहसील स्तरीय चयन समिति के सदस्यों द्वारा नवनिर्वाचित तहसील पदाधिकारियों का पीला अक्षत लगाकर अभिनंदन किया गया। पूर्व अध्यक्ष रामप्रसाद मरकाम ने अपने दस वर्षीय कार्यकाल के संबंध में सामाजिक जनों से मिले सहयोग के लिए सबका आभार व्यक्त किया।

मवेशियों के हमले से कई बार सब्जी व्यवसायी व ग्राहक हो चुके हैं घायल

# इतवारी बाजार परिसर बना गौठान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर में आवारा पशुओं की अधिकतम संख्या को देखते हुए नगर निगम प्रशासन इन दिनों काऊ कैचर टीम की सहायता से रोजाना 25 से 30 मवेशी पकड़ रहा है। तीन दिनों के अंदर 100 से अधिक मवेशी पकड़े गए हैं। फिर भी इतनी संख्या में मवेशी रोज दिख रहे हैं जो सड़कों पर विचरण कर यातायात को बाधित कर रहे हैं। जिला एवं निगम प्रशासन की समझाइश का असर मवेशी मालिकों में नहीं दिख रहा है। सुबह दूध निकालने के बाद शहर की सड़कों में विचरण के लिए छोड़ देते हैं। ऐसा ही नजारा सप्ताह के सातों दिन इतवारी बाजार परिसर में देखने को मिलता है जहां दर्जनों की संख्या में मवेशी बैठे रहते हैं या दिनभर विचरण करते हैं। आसपास के व्यापारी बताते हैं कि ये मवेशी ऊंची नस्ल के दुधारू गाय है जिन्हें दूध निकालने के बाद इतवारी बाजार परिसर में छोड़ देते हैं जो दिनभर यहां विचरण करते हैं और गोबर मलमूत्र से परिसर को गंदा करते हैं।

सब्जी व्यवसायी सोनिया बाई, सुलोचना पटेल ने बताया कि जानवरों के कारण सब्जी बेचना मुश्किल हो जाता है। दिनभर मुंह मारने से सब्जी खराब हो जाती है। भगाने पर सींग से हमला करने लगते हैं। डर के कारण लाठी लिए रहते हैं। बेधड़क घूमते मवेशियों के कारण सब्जी व्यवसायी खासा परेशान रहते हैं। ग्राहकी कमजोर होती है। ग्राहक जानवर के डर से बाजार परिसर में घुसने से डरते हैं। जानवरों के कारण बाजार में गंदगी रहती है, जिसे रोज साफ करते हैं। कुछ लोग मवेशियों को जानबूझ कर छोड़कर चल देते हैं। इनकी आपसी लड़ाई से लोगों को हर पल खतरा रहता है। सब्जी व्यवसायी व ग्राहक कई बार घायल हो गए हैं।

# कुंडेल स्कूल से निकली तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंडेल से हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा महा अभियान में लोगों के दिल में देशभक्ति की भावना जागृत करने शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली गई।

शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष बसंत साहू, प्रभारी प्राचार्य संतोष कुमार साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, पवन सेन एवं सदस्यों की उपस्थिति में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं मितानिनों द्वारा तिरंगा लहराया गया। देशभक्ति नारों के साथ गांव की गलियों में रैली निकाली गई।



चौक चौराहों में लोगों को बसंत साहू ने हर घर तिरंगा अभियान का महत्व बताया। प्रभारी प्राचार्य संतोष साहू ने लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करने हेतु देश भक्ति से ओत-प्रोत नारे लगवाए। पवन सेन ने बच्चों एवं ग्रामवासियों से अपने-अपने घर में तिरंगा फहराने का आह्वान किया। इस अवसर पर रामकुमार यादव, खेमू यादव, हिरेश साहू, रुपराम वर्मा, उपसरपंच राजेंद्र कुमार साहू, सरपंच फगेश्वरी ध्रुव, विजय निषाद, चंद्रहास साहू, व्याख्याता ममता साहू, दिनेश कुमार साहू, होमेंद्र कुमार साहू, प्रधानपाठक नारद साहू, अन्नपूर्णा साहू, शिक्षक केसर निषाद, कौशल्या निषाद, दुलारी साहू, संतोषी साहू, जितेंद्र पाल, योगेश निषाद, रामेश्वरी साहू उपस्थित थे।

# विधायक ने रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विधायक ओंकार साहू ने रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना की। विधायक श्री साहू ने कहा कि सावन के सभी सोमवार को यहां विशेष श्रृंगार व पूजन किया जाता है। सुबह से शाम तक शिव के भजन-कीर्तन होते रहते हैं। पूरे साल भर शिवलिंग को फूल, पत्ते, फल से श्रद्धालु सजाते हैं जिसकी आकर्षक छटा रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में देखने को मिलती है। सालों से यह क्रम चला आ रहा है। श्री साहू ने आगे बताया कि रुद्रेश्वर महादेव मंदिर छत्तीसगढ़ के प्रमुख शिवालयों में शामिल है। महानदी के तट पर स्थित इस मंदिर का इतिहास हजारों साल पुराना है। सावन में यहां हजारों श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं। यहां के स्वयंभू शिवलिंग की पूजा करने से लोगों की मनोवांछित इच्छा पूरी हो जाती है। रुद्रेश्वर महादेव मंदिर आस्था का केंद्र है।रुद्रेश्वर महादेव मंदिर परिसर में विधायक ने पीपल के पौधे रोपे। इस दौरान केशव साहू, प्रमोद साहू, गजेंद्र साहू, स्वप्निल कौशिक, गोपाल राम, राजा साहू, कुलेश्वर साहू, दयाराम सिन्हा समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

# बच्चों को रोजगारपरक शिक्षा दिलाने का करें प्रयास





■ सेमरा बी में सामाजिक भवन का लोकार्पण एवं वार्षिक सम्मेलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

परिक्षेत्र साहू समाज सेमरा बी में सामाजिक भवन का लोकार्पण एवं वार्षिक सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरुद एवं पूर्व केबिनेट मंत्री थे। अध्यक्षता अवेन्द्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी ने की।

इस अवसर पर विधायक श्री चंद्राकर ने साहू समाज को संबोधित करते हुए कहा कि जहां भी जाता हूं, केवल सीसी रोड, भवन, नाली निर्माण आदि की मांग ही होती है। किसी ने शिक्षा व स्वास्थ्य की दिशा में आज तक मांग नहीं की। मैंने विधानसभा अंतर्गत आने वाले सभी परिक्षेत्र के लिए 10-10 लाख के भवन स्वीकृत किये हैं लेकिन भवनों से ही किसी समाज की मजबूती नहीं दिखेगी। समाज मजबूत तब दिखेगा जब आप सब इसका सकारात्मक उपयोग करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि समाज में कृषि आधारित लोग अधिक हैं। वे भी पैतृक संपत्ति पर, जो धीरे धीरे टुकड़े होने के कारण कम होता जा रहा है और उतने में ही जीवन निर्वाह कर रहे हैं, ऐसे में कोई तरक्की नहीं दिखेगी। तरक्की तभी दिखेगी जब इन सबसे ऊपर उठकर हम अपने बच्चों को रोजगारपरक शिक्षा देने में ज्यादा ध्यान देंगे जिससे वे कुछ बन सके और अपने व परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सके। कार्यक्रम में समस्त ग्रामीण अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का श्रीफल, प्रणाम-पत्र, मां कर्मा के छायाचित्र, डायरी एवं पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर कामता प्रसाद साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज भखारा, शारदा लोकनाथ साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद, दमयंती साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ भखारा, गणेश राम साहू संरक्षक तहसील साहू समाज भखारा, मीलू राम साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज भखारा, बिंदेश्वरी सिन्हा सरपंच सेमरा, होमेंद्र साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज सेमरा बी, कल्याण साहू, संजय दास, भगवान दास समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## पीजी कॉलेज के छात्रों ने देशभक्ति नारों के साथ निकाली तिरंगा जागरुकता रैली

**धमतरी**। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सोमवार को पीजी कालेज धमतरी की प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के आदेशानुसार एनसीसी और एनएसएस के कैडेट्स द्वारा हर घर तिरंगा फहराने को लेकर महाविद्यालय से पंचवटी कॉलोनी रत्नाबांधा विवेकानंद मूर्ति तक पैदल तिरंगा यात्रा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर श्रीदेवी चौबे ने किया। अभियान में शामिल एनसीसी कैडेटों ने देशभक्ति नारे लगाते हुए लोगों को तिरंगा के प्रति जागरुक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान हमारे लिए किसी त्योहार से काम नहीं है। हमें अपने वीर सपूतों द्वारा किए गए त्याग को नहीं भूलना चाहिए। सभी को मिलकर एक पर्व की तरह अपने घरों पर तिरंगा झंडा फहराना चाहिए और पूरे विश्व के सामने अखंड भारत का उदाहरण पेश करें। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ मनदीप खालसा, डॉ अनीता राजपुरिया, डॉ प्रभा वेरुलकर, दिनेश्वर सलाम, प्रो. निरंजन साहू, आकांक्षा मरकाम एवं स्टाफ उपस्थित थे।

# राष्ट्र की एकता और अखंडता का संदेश लेकर तिरंगा यात्रा से लोगों को जोड़ेंगे : रंजना



■ ब्राम्हणपारा वार्ड की तिरंगा यात्रा में शामिल हुईं पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मंगलवार को ब्राम्हणपारा वार्डवासियों ने तिरंगा यात्रा निकाली जिसमें पूर्व विधायक रंजना साहू शामिल हुईं। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को लेकर निकली श्रीमती साहू ने कार्यकर्ताओं संग भारत माता की जय के नारे लगाए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का हर घर तिरंगा अभियान पिछले दो साल में एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में विकसित हुआ है जिसने देशभर में हर भारतीय में बुनियादी एकता की भावना को जागृत किया है। भाजपा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के साथ जुड़ते हुए भारत के राष्ट्रीय प्रतीक तिरंगा को हर घर तक पहुंचाने के संकल्प में सहभागी बन रहे हैं। हम सभी राष्ट्र की एकता और अखंडता का संदेश लेकर लोगों को इस यात्रा के साथ जोड़ेंगे। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा प्रभारी दीपेंद्र साहू, बूथ पालक बीथिका विश्वास, बूथ पालक विनोद राव रणसिंह, यादवेंद्र दीवान, अचला सोनी, ईश्वरी पटवा, बूथ अध्यक्ष जगदीश कुंभकार, कमलेश तिवारी, संतोष सार्वा, दिनेश दुबे, योगेश साहू, संजय शर्मा, राजेंद्र गुप्ता, नवनीत सोनी, लता दुबे, नेहा दुबे, प्रतिमा सोनी, सावित्री नवदेव, मोटू कुंभकार, बूथ अध्यक्ष अमित साहू, नीरज शुक्ला, कोमल सार्वा, अनुज तिवारी समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।






## अंचल की खबरें

### राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह आज नगर में



**धमतरी।** राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह का आज प्रथम धमतरी आगमन होगा। वे विश्वविख्यात संगीत सम्राट रायगढ़ राज्य के महाराजा चक्रधर सिंह के नाती हैं। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस धमतरी में गोंड समाज के सामाजिक प्रमुखों द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। यह जानकारी गोंडवाना गोंड महासभा के प्रदेश महासचिव आरएन ध्रुव ने दी है।

### कॉम्पटेक कॉलेज में प्रवेश 16 तक

**धमतरी।** कॉम्पटेक कालेज सोरिद नगर धमतरी में बीसीए, पीजीडीसीए, बीकॉम एवं बीएससी (आईटी) में प्रवेश 16 अगस्त तक दिया जायेगा। जिन विद्यार्थियों ने प्रवेश नहीं ले पाया है, वे सीधे प्रवेश ले सकते हैं। सभी पाठ्यक्रमों में न्यूनतम शिक्षण शुल्क एवं शासकीय छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। शिक्षण शुल्क को इंस्टॉलमेंट्स में देने की सुविधा है। विद्यार्थी कॉम्पटेक महाविद्यालय के नवीन परिसर सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी में प्रातः 10:30 से 2 बजे तक आवश्यक डॉक्यूमेंट्स के साथ उपस्थित हों। 16 अगस्त के बाद किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

### करंट से बंदर की मौत, किया अंतिम संस्कार



**उमरगांव।** ग्राम उमरगांव में बंदरों का झुंड खेलते-खेलते बिजली के तार में चला गया। करंट लगने से एक बंदर की मौत हो गई। ग्रामीणों ने उसका अंतिम संस्कार किया। मौके पर गजेन्द्र साहू, महेश अग्रवाल, सोमन मरकाम, गुलाब यादव, ओमप्रकाश साहू, अजय सिन्हा, डिकेश्वर साहू, देवलाल, शंकर गुप्ता, दुर्गेश साहू, कुलदीप पुजारी उपस्थित थे।

### रामपुर स्कूल में निकली तिरंगा रैली



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में स्कूली छात्रों और शिक्षक -शिक्षिकाओं द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। जिसमें रामपुर के प्राथमिक, माध्यामिक शाला, हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्रों ने हिस्सा लिया। रैली में भारत माता की जय, जय हिन्द के नारे लगाए गए। यह रैली स्वतन्त्रता सेनानियों को समर्पित थी। यह रैली संस्था प्रमुख प्राचार्य आरके बघेल, प्रधान पाठक, केएल सर्वा, प्रधानपाठक बीके साहू के मार्गदर्शन में निकाली गई।

### उमरगांव के शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक



**नगरी।** चौथे सोमवार को ग्राम उमरगांव के सैकड़ों शिवभक्त महामाई फरसियां से कोटेश्वर धाम एवं कर्णेश्वर धाम सिहावा में जल चढ़ाने पहुंचे। इस कांवर यात्रा में बच्चे से लेकर बुजुर्ग एवं महिलाओं ने हिस्सा लिया। टिकेश सेन, रामप्रसाद साहू, नरेश सिन्हा, मानिक साहू, कामेश्वरी साहू, रुपेश सेन, हेमंत पुजारी एवं अन्य शिव भक्त सम्मिलित हुए। ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर महेश अग्रवाल, तोषण साहू, मेघराज, पुनित, बीरेंद्र साहू, रोशन साहू, डिकेश्वर साहू सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### ड्राइंग इंट्रामुरल में दिखा देशभक्ति का नजारा



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में शनिवार को ड्राइंग इंट्रामुरल का आयोजन किया गया जिसकी थीम स्वतंत्रता दिवस थी। इस आयोजन में चारों हाऊस के सत्यम शिवम् सुंदरम मधुरम के कुल 10 बच्चों ने हिस्सा लिया। सभी ने स्वतंत्रता दिवस थीम को ध्यान में रखकर चित्रकारी की। किसी ने तिरंगा झंडा, किसी ने आसमान में करतब दिखाते जहाजों का, किसी ने वीर जवान के देश के प्रति समर्पण को अपनी चित्रकारी में प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था प्रमुख प्राचार्य आरके बघेल व विशिष्ट अतिथि सोनल अग्रवाल थे। मौके पर स्वाति साहू, लोकेश्वरी सोन, कमलेश वर्मा, जागेश्वर साहू, हरबंश साहू, रमेश टंडन, देवेंद्र साहू, झमेश्वरी ध्रुव, पूजा शर्मा, बीरेंद्र निषाद उपस्थित थे।

### समाज को नशामुक्त करने की दिलाई प्रतिज्ञा




**नगरी।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बिरगुड़ी सेंटर में नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीके दीपिका ने कहा कि हम सबको मिलकर न केवल अपने परिवार, समाज बल्कि संपूर्ण देश को नशा से मुक्त करना है। व्यसन का मतलब सिर्फ नशीले पदार्थ से नहीं है। नशे की गिरफ्त में इंसान ऐसे जकड़ जाता है जिसके दुष्प्रभाव का असर पूरे परिवार को भुगतना पड़ता है। नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा नशे की लत से पीड़ित है। सरकार इन पीड़ितों को नशे के चुंगल से छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है। बीके मूलेश्वरी ने लोगों को नशा मुक्ति पर प्रतिज्ञा कराई।

■ ब्रम्हाकुमारी सेंटर बिरगुड़ी में नशा मुक्ति पर हुआ कार्यक्रम

पालकी यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत, भक्तों ने आरती उतारकर महाकाल का लिया आशीर्वाद

# शिव की पालकी यात्रा में जमकर झूमे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महाकाल भक्त परिवार ने सावन के चौथे सोमवार को शाम 7 बजे भगवान महाकाल की पालकी यात्रा निकाली, जिसमें हजारों की संख्या में भक्त शामिल हुए।

डीजे की भक्तिमय धुन में जमकर थिरके। पालकी यात्रा विंध्यवासिनी मंदिर में पूजा अर्चना कर शुरू हुई जो रामबाग, गणेश चौक, कचहरी चौक, सदरबाजार, मठ मंदिर चौक, गोल बाजार, घड़ी चौक, नेशनल हाईवे मार्ग बस्तर, रोड, रत्नाबांधा होते हुए देर रात्रि नागेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। जहां महाआरती पश्चात यात्रा का विसर्जन कर प्रसादी वितरण किया गया। यात्रा लगभग 8 घंटे तक चली। गंतव्य तक पहुंचते रात्रि के 2 बज गये। पालकी यात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ। भक्तगणों ने आरती उतारकर महाकाल का आशीर्वाद लिया। घड़ी चौक पहुंचने पर भक्तों ने भोलेनाथ की महाआरती की। आरती पश्चात डीजे की धुन पर श्रद्धालु आधे घंटे तक नाचते रहे। यह अवसर काफी मनमोहक था। भक्त शिव की धुनी में रमते नजर आए।

पालकी यात्रा में विश्वजीत कृदत्त, विक्रांत शर्मा, हेमराज सोनी, पं. अजय दुबे, रौनक ठाकुर, राहुल साहू, हर्ष मिश्रा, रतनाम, अर्पित, गोवर्धन हिन्दुजा, मेघराज ठाकुर, यशवंत कौशिक, संजय चन्द्राकर, भूरा ग्वाल, भजन काररा, श्यामू यादव, राजा ठाकुर, श्वेता ठाकुर, ज्योति गुप्ता, उषा कौशिक, संतोषी कौशिक, आशा, उषा मंडावी, शांति कौर, सुमन सोनवानी, क्षमा गुप्ता, भगवती यादव, कला साहू, निश ठाकुर, श्रेया ग्वाल, शिवानी ग्वाल, श्रेया गुप्ता, नेहा ठाकुर, अमन ठाकुर सहित हजारों भक्त शामिल थे।

विदित हो कि इससे पूर्व मंदिर परिसर में सुबह से शाम भजन, कीर्तन, जलाभिषेक, पूजा पाठ का कार्यक्रम हुआ। कांवरियों को दूध, केला का प्रसादी दिया गया। मंदिर समिति की ओर से पूरे माहभर तक परिसर में शिवकथा पुराण का आयोजन किया गया है, जिसमें कथावाचिका भूमिका देवी हैं।

## केयर स्किल फाउंडेशन ने दिए सफलता के टिप्स



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

केयर स्किल फाउंडेशन संस्था द्वारा मोटिवेशनल क्लास कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत भोथा में किया गया। केयर स्किल फाउंडेशन के सदस्यों ने छात्रों को प्रेरित करना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें जुनून और दृढ़ता के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना, कैसे अपने दैनिक जीवन में समय प्रबंधन करना, अपने अंदर की शक्तियों की खोज करने और स्कूल जीवन में सफल होने के लिए उनका उपयोग करने के तरीके के बारे में बताया। कार्यक्रम में सरपंच रोहित यादव, पंच महेश्वरी साहू, शिक्षक टिकेश्वर यादव के अलावा केयर स्किल फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, विजय निषाद, केंद्रीश श्री साहू, शशिकांत साहू, विनोद साहू, ओंकार साहू, धन्नू चंद्रवंशी, सुनील जांगड़े, हरिश्चर दास, प्रकाश कुर्रे, अजय चौधरी, संदीप पंडा, अवेंद्र कुमार उपस्थित थे।

## गंगरेल की सुरम्य वादियों में प्रीतेश गांधी ने फहराया तिरंगा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

देश की आन बान शान का प्रतीक तिरंगा कभी आम जनमानस की पहुंच से दूर हुआ करता था लेकिन देश में प्रखर राष्ट्रवाद को आगे बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेक ऐसे ऐतिहासिक कार्य किये जिससे देशवासियों में देश के प्रति समर्पण की भावना के साथ राष्ट्र प्रेम की प्रगाढ़ता बढ़ी है। हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान को गति देते हुए भाजपा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी बरसात के मौसम में लबालब भरे गंगरेल बांध की सुरम्य वादियों में नाव में सवार होकर हाथों में तिरंगा लेकर निकले तो किनारे पर खड़ा हुआ हर व्यक्ति भारत माता की जय का उद्घोष कर रहा था।

श्री गांधी ने एक चर्चा में कहा कि आज हिंदुस्तान की धरती को राष्ट्रभक्त युवाओं की ऐसी श्रृंखला की जरूरत है जो मां भारती के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दें। तिरंगा त्याग, समर्पण व बलिदान का प्रतीक है जिसे आगे बढ़ाने के लिए हम सब तिरंगा लेकर निकले हैं। इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा पार्षद, कुलेश सोनी, विजय ठाकुर पूर्व पार्षद, नरेंद्र जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## तिरंगा देश की शान का प्रतीक



■ पार्षद मोटवानी ने घर-घर पहुंचकर लोगों को तिरंगा फहराने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जनमानस में राष्ट्रभक्ति एवं देश प्रेम की अलख जगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर राष्ट्रध्वज तिरंगा फहरा रहे हैं। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए आमापारा वार्ड के पार्षद विजय मोटवानी ने वार्डवासियों के साथ हाथों में तिरंगा व भारत माता के जयघोष के साथ घर-घर पहुंचकर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक देशवासी में राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना आवश्यक है और यह भावना जागृत करने के लिए पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया जा रहा है। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा देश की आन बान शान का प्रतीक है। प्रत्येक जनमानस इसकी रक्षा का संकल्प लें। मौके पर सुधीर गांधी, सुरेश गुप्ता, भारत सोनी, अमित अग्रवाल, दिलीप पटेल, देवेंद्र यादव, दीपेश गांधी, विशाल त्रिवेदी, नीतू त्रिवेदी, दौलत वाधवानी, अमित खटवानी, कमलेश खटवानी, आशा खटवानी, त्रिलोचन यादव समेत अनेक वार्डवासी उपस्थित रहे।

## भाजपा गंगरेल मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



भारतीय जनता पार्टी गंगरेल मंडल के युवा मोर्चा द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा रुद्री चौक से प्रारंभ होकर ग्राम मुड़पार, बरारी, भोयना, अछोटा, शकरवारा, कोलियारी होते हुए वापस रुद्री पहुंची। यहां कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष उमेश साहू ने बताया कि भाजपा गंगरेल मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई जिस भी गांव में यह यात्रा गुजरी, लोग एक विशेष भाव से यात्रा का सम्मान करते हुए दिखाई दिए। जैसे ही यात्रा गांव में पहुंचती थी स्कूल के छात्र और ग्रामवासी यात्रा के सम्मान में स्वतः रूक जाते थे। यह स्वतंत्रता और तिरंगे के प्रति सम्मान को दर्शाता है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने-अपने ग्राम में जन जागरूकता अभियान चलाकर घरों में तिरंगा फहराने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करें।

तिरंगा यात्रा मंडल प्रभारी दुष्यंत सिन्हा ने आभार व्यक्त किया। मंडल महामंत्री नरेश यादव और मंडल के मन की बात के प्रभारी जागेंद्र साहू ने एक पेड़ मां के नाम के तहत सभी गांव में पौधरोपण करते हुए मन की बात सुनने का आग्रह किया। कार्यक्रम में नोकेश्वर साहू, मुकेश यादव, मनीराम, अर्जुन सोनकर, अजय गार्डिया, राहुल विश्वकर्मा, कीर्तन साहू, सोहन यादव, पूनम, ललित कंवर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजयुमो की तिरंगा यात्रा जयकारे से गूंजा आकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी की तिरंगा यात्रा व हर घर तिरंगा का आयोजन लगातार जिले में हो रहा है। मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शहर में विशाल तिरंगा यात्रा मोटर साइकिल में शहर में निकाली गयी। जिसमें सांसद महेश कश्यप शामिल हुए।

मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट से भाजपा की तिरंगा यात्रा आरंभ हुई और भारत माता के जयकारों के साथ समुचे शहर का भ्रमण कर भाजपा जिला कार्यालय में पहुंच कर संपन्न हुई। सांसद ने कहा कि राष्ट्र सर्वप्रथम है और उसकी प्राण-प्रण से सेवा करना सबसे बड़ा कर्तव्य है। तिरंगा यात्रा व हर घर तिरंगा का आयोजन देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर किया जा रहा है। कार्यकर्ता व सम्मानीय नागरिक देशभक्ति के इस आयोजन में बढ़ चढ़कर जुड़ें।

### दंतेश्वरी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**नगरी।** विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज के लोगों ने दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना के पश्चात रानी दुर्गावती के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। उसके बाद शहीद वीर नारायण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है




## समाजसेवी ने निवास तथा व्यावसायिक परिसर पर तिरंगा फहराया



**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रवाद की भावनाएं जागृत करने के लिए घर-घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया गया है। इसे आगे बढ़ाते हुए शहर के समाजसेवी महेंद्र खंडेलवाल ने अपने निवास तथा व्यावसायिक परिसर पर तिरंगा लगाया। आगे कहा कि देश की आजादी कठिन परिस्थिति में लाखों लोगों की कुर्बानी के बाद प्राप्त हुई है। इस कुर्बानी को सतत रूप से याद रखते हुए आने वाली पीढ़ी को मां भारती की गौरव गाथा से अवगत कराने के लिए पूरे आन बान शान के साथ घर-घर में तिरंगा फहराएं।

## आमदी में स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनेगा

■ पीआईसी की बैठक में जनहित विषय पर हुई चर्चा



**आमदी(धमतरी)।** नगर पंचायत आमदी की पीआईसी बैठक में स्वतंत्रता दिवस को गरिमापूर्ण ढंग से मनाने तथा विभिन्न जनहित विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। राजस्व वृद्धि, निर्माण कार्य सहित विषयों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। ज्ञात हो कि नगर पंचायत आमदी में जनहित के विषयों पर ठोस कार्यवाही हेतु नियमित रूप से पीआईसी बैठक आयोजित की जाती है। बैठक में अध्यक्ष हेमन्त माला, उपाध्यक्ष तेजराम साहू, सभापति उमानंद कुम्भकार, सभापति कोमल यादव, सभापति श्रीमती लेखेश्वरी साहू, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जफर खान, उपअभियंता डिगेश्वर साहू समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

कुरूद कालेज में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 पर हुई व्याख्यान माला

# तंबाकू निषेध एवं हाथी संरक्षण की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में विश्व युवा दिवस के अवसर पर तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही विश्व हाथी दिवस भी मनाया गया। संदर्भित विषय पर व्याख्यान माला के साथ ही पोस्टर मेकिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्राचार्य डा. डी.के राठौर, हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. आर.के. पाण्डेय, प्राणिशास्त्र के विभागाध्यक्ष हित नारायण टंडन, अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा. फिरोज सोनवानी, वाणिज्य के सहायक प्राध्यापक पवन कुमार ताम्रकार एवं एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी रेणु पाटले व विजय कश्यप सम्मिलित हुए।

प्राणीशास्त्र के विभागाध्यक्ष हित नारायण टंडन ने विश्व हाथी दिवस के आयोजन के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि इस दिवस को मानने का उद्देश्य हाथियों के संरक्षण और उनके प्रति जागरूकता फैलाना है। लोगों को हाथियों के संरक्षण के लिए प्रेरित करना और उन्हें इस बात का महत्व समझाना है कि हाथियों का अस्तित्व पर्यावरण और जैव विविधता के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

डा. आर.के. पाण्डेय ने युवाओं को तंबाकू के सेवन का विरोध करने एवं इसे छोड़ने के लिए जागरुक होने और सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डा. डी.के राठौर ने भी युवाओं को तंबाकू से दूर रहने का संदेश दिया। कहा कि हम सब मिलकर तंबाकू के खिलाफ इस लड़ाई को मजबूत करें और अपने समाज को तंबाकू मुक्त बनाएं। प्राचार्य ने सभी को तंबाकू निषेध एवं हाथी संरक्षण की शपथ दिलाई।

